गाजियाबाद विकास प्राधिकरण

विकास पथ, गाजियाबाद

(ISO 9001 : 2015 एव ISO 14001 : 2015 प्रमाणित सस्था)

पत्रांक : 511/ दिनांकः 08.03.2021

सार्वजनिक सूचना

एतद् द्वारा जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती ओमवती गोयल पत्नी श्री धनेश कुमार गोयल द्वारा खसरा संख्या–2302 पार्ट ग्राम डासना, गाजियाबाद की भूमि पर पैट्रोल पम्प हेतु मानचित्र प्रस्तुत किया गया है। गाजियाबाद महायोजना–2021 अनुसार खसरा संख्या–2302 पार्ट ग्राम डासना का भू–उपयोग आवासीय भू–उपयोग के अंतर्गत प्रदर्शित है। गाजियाबाद महायोजना–2021 में निहित जोनिंग रेगुलेशन के प्राविधानों के अनुसार आवासीय भू–उपयोग में उक्त क्रिया सशर्त अनुमन्य है। शर्त यह है कि स्थल के सम्मुख 24 मी0 चौडा मार्ग आवश्यक है। जबकि प्रश्नगत 45 मी0 चौडे, गाजियाबाद–हापुड़ रोड़ पर स्थित है। ऐसी क्रिया की अनुमती से पूर्व जन–सामान्य से एक माह हेतु आपत्ति/सुझाव प्राप्त किये जाने का प्राविधान महायोजना में निहित है। उक्त के दृष्टिगत प्रस्तुत मानचित्र की स्वीकृति से पूर्व जन सामान्य से आपत्ति/सुझाव आमंत्रित किये जाते हैं यदि कोई व्यक्ति/संस्था उक्त के सम्बन्ध में कोई आपत्ति/सुझाव देना चाहे तो उक्त सुचना के प्रकाशन की तिथि से 30 दिन के अन्दर अपनी आपत्ति/सुझाव कार्यालय, मुख्य वास्तुविद एवं नगर नियोजक, गाजियाबाद विकास प्राधिकरण में प्रस्तुत कर सकता है। उक्त समयावधि के उपरान्त के प्राप्त होने वाले किसी भी आपत्ति/सुझाव पर विचार नहीं किया जा सकेंगा।

उपाध्यक्ष

ई-मेल : helplinegda@gmail.com, @gdagzb : gdagzb

हेल्पलाईन नं: 0120-3342433, व्हाट्सएप : 9818988807 वेबसाईट : www.gdaghaziabad.com

एक सुन्दर शहर .... हमारा संकल्प